Nai Dunia (Indore), 26th March 2023, Nai Dunia City, Page – 04

# साथ मिलकर अनुसंधान करेंगे आइआइटी इंदौर और जेएमयू



एमओयू साइन करने के अवसर पर दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि। ● सौ. संस्था

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर ने अकादमिक सहयोग स्थापित करने और विस्तार करने के लिए जूलियस मैक्समिलियंस विश्वविद्यालय (जेएमयू) वुर्जबर्ग के साथ समझौता किया है। एमओयू पर आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी और जूलियस मैक्समिलियंस विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. पाल पाउली ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर आइआइटी के प्रो. आइए पलानी, प्रो. देवेंद्र देशमुख और प्रो. रघुनाथ साहू भी शामिल थे। समझौता द्विपक्षीय अनुसंधान और शैक्षणिक सहयोग, संयुक्त कार्यक्रमों और छात्र-संकाय के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। दोनों संस्थानों में सहयोग के सामान्य क्षेत्र होंगे, जिनमें समन्वित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों द्वारा छात्र प्रशिक्षण, छात्रों का आदान-प्रदान, शैक्षणिक कर्मचारियों का आदान-प्रदान, वैज्ञानिक, शैक्षिक और विद्वानों की सामग्री का आदान-प्रदान, मूल शैक्षिक और अनुसंधान कार्यक्रमों, सम्मेलनों और सेमिनारों में सूचना का आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान और प्रशिक्षण गतिविधियों सहित विशेष परियोजनाओं को विकसित करने के लिए सहयोग करना शामिल है।

जूलियस मैक्सिमिलियंस विश्वविद्यालय जर्मनी के सबसे पुराने और सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से एक है, जो 28 हजार से अधिक छात्रों की मेजबानी करता है। 14 नोबेल पुरस्कार विजेताओं और कई प्रतिष्ठित विद्वानों और वैज्ञानिकों ने जेएमयू में शोध किया और पढ़ाया है।